दिनांक 03.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी द्वारा 66 एम एल डी जल शोधन संयत्र निर्माण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण

भिलाईनगर/अमृत मिशन योजनान्तर्गत नेहरु नगर वार्ड क्र. 03 में जल प्रदाय योजना फेस–02 के तहत् निर्माणाधीन 66 एम एल डी जल शोधन संयत्र फिल्टर प्लांट के निर्माण कार्यों का आयुक्त श्री एस0 के0 सुंदरानी ने निरीक्षण कर चल रहे कार्य प्रगति की जानकारी लेकर अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को आवश्यक निर्देश दिये।

आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने आज 66 एम एल डी पहुंचकर जल शोधन संयंत्र के निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन संयंत्र के नक्शे का सुक्ष्म रुप से अवलोकन किया गया। संयंत्र के संबंध में अधीक्षण अभियंता श्री सत्येन्द्र सिंह के द्वारा किये जा रहे कार्य स्थल की जानकारी से आयुक्त महोदय को अवगत कराया। निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक भवन, फिल्टर बेड, पानी टंकी, पम्प हाउस, वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट एवं निर्माणाधीन परिसर का निरीक्षण किया गया। निगम आयुक्त ने अधीक्षण अभियंता श्री सत्येन्द्र सिंह, एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि से कहा कि कार्य समयावधि में पूर्ण हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें साथ ही टंकी निर्माण एवं अन्य कार्यों में उपयोग में लाई जा रही सामग्रियों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देंवे। कार्य में तेजी लाते हुए समय सीमा में कार्य को पूर्ण करें ताकि आगामी ग्रीष्म ऋतु में भिलाई के शेष बचे वार्डों के घरों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो सके। जिन क्षेत्रों में पेयजल पाईप लाईन बिछाने के लिए गड्ढ़े खोदे जा रहें है वहाॅ कार्य पूर्ण होने के बाद पुनः उस स्थान को समतलीकरण करें श्री सुंदरानी ने पाईप लाईन बिछाने पानी टंकी तथा ओवर हैड टेंक के कार्य साथ–साथ चले ताकि सम्पूर्ण प्रक्रिया समय सीमा में पूर्ण हो सके।

निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता श्री सत्येन्द्र सिंह, प्रभारी कार्यपालन अभियंता श्री सुनील जैन, उप अभियंता अर्पित बंजारे, एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर पंकज चौधरी, सहित फिल्टर प्लांट के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी

दिनांक 03.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी के निर्देशन में जोन 03 मदर टेरेसा नगर कार्यालय के स्वास्थ्य अमला के द्वारा वार्ड 22 प्रज्ञा हास्पिटल के सामने फटाके के व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को दुकान के सामने कचरा न फैलाये जाने की अपील करते हुए फैले कचरे को उठाया गया एवं शासकीय उ.मा. शाला के सामने लिंक रोड पर फैले कचरे को साफ करते हुए एवं जलेबी चौक में रात्रिकालीन सफाई की गई। उक्त जोन के अंतर्गत राजस्व एवं स्वास्थ्य अमले के द्वारा निरंतर गंदगी न फैलाये जाने के संबंध में आम नागरिकों से अपील भी की जा रही है तथा दीपावली के त्यौहार में बासी खाद्य सामग्री का विक्रय न हो इस हेतु मिष्ठान भण्डार के व्यापारियों से भी अपील करते हुए समझाईस दी जा रही है। तथा लगातार निगम प्रशासन के द्वारा निगम क्षेत्र के सभी जोनों में छापेमार की कार्यवाही प्रतिदिन स्वच्छता निरीक्षक, अपने स्वास्थ्य अमले के साथ आकस्मक निरीक्षण करते हुए बासी खाद्य सामग्री की विनिष्टीकरण की कार्यवाही भी की जा रही है।

जनसम्पर्क अधिकारी